राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## स्वाधीनता दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

## राष्ट्र की उन्नति के लिए मिलकर प्रयास करें — राज्यपाल

जयपुर, 14 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने 76 वें स्वतंत्रता दिवस पर देश और प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से आह्वान किया है कि आपसी भाईचारे और सद्भावना को कायम रखते हुए राष्ट्र की उन्नति के लिए मिलकर प्रयास करें।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि आजादी का अमृत महोत्सव वर्ष में इस पावन अवसर पर हम स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों और महापुरुषों को नमन करें एवं उनकी शहादत, त्याग, बलिदान और लंबे संघर्ष को स्मरण करें।

————

## राजभवन में प्रातः 8.30 बजे होगा ध्वजारोहण

## राज्यपाल श्री मिश्र करेंगे झण्डारोहण

जयपुर, 14 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र स्वाधीनता दिवस पर राजभवन में प्रातः 8.30 पर ध्वजारोहण करेंगे।

राज्यपाल श्री मिश्र राजभवन में उच्च प्राप्तांक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने के साथ ही स्वाधीनता दिवस समारोह में विद्यार्थियों को मिठाई का वितरण भी करेंगे।

## राजभवन में एट होम का आयोजन शाम 5:45 पर

जयपुर, 14 अगस्त। स्वाधीनता दिवस पर राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की ओर से सोमवार शाम 5:45 बजे एट होम का आयोजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, मंत्रिपरिषद के सदस्य, विधानसभा के सदस्य, सांसदगण, जनप्रतिनिधिगण, स्वतंत्रता सेनानी, वरिष्ठ अधिकारीगण सहित गणमान्यजन एटहोम में शामिल होंगे। आगंतुकों से कोविड—19 प्रोटोकॉल की पालना करने और फेस मास्क लगाकर कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अनुरोध किया गया है।

———